# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (15.10.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.10.2024, PAGE-06**

# प्रमोटेड की देखी जाएगी दोबारा कॉपी

**छात्र संवाद**



बीआरएबीयू के गेस्ट हाउस में आयोजित छात्र संवाद में अपनी समस्या रखतीं छात्राएं।

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के गेस्ट हाउस में सोमवार को प्रॉक्टर प्रो. वीएस राय की अध्यक्षता में छात्र संवाद का आयोजन किया गया। इसमें स्नातक सत्र 2022-25 के द्वितीय वर्ष में एक और दो नंबर से फेल कई छात्राएं पहुंचीं। छात्राएं एमडीडीएम और आरबीबीएम कॉलेज की थीं।

छात्राओं ने कहा कि बार-बार वह छात्र संवाद में आ रही हैं, लेकिन उनका रिजल्ट सुधर नहीं रहा है। केमेस्ट्री में ज्यादातर छात्राएं एक और दो नंबर से फेल कर दी गई हैं। एमडीडीएम से आई छात्रा साखी, गिन्नी और शिवानी ने बताया कि इससे पहले भी वह छात्र संवाद में आ चुकी हैं। आरबीबीएम से आई छात्रा कहकशां ने भी यही शिकायत की। एमडीडीएम की कई छात्राओं ने एक सामूहिक आवेदन अधिकारियों को दिया। छात्राओं की समस्या सुनने के बाद प्रॉक्टर ने कहा कि इनकी कॉपियां दूसरे परीक्षक से दिखाई जाए। परीक्षक देखें कि छात्राओं की बात सही है या नहीं। इसके बाद आगे का फैसला किया जाएगा। अगर कोई परीक्षक गलत तरीके से कॉपी देखते हैं तो उन्हें डिबार किया जाना चाहिए। एक छात्रा अंजलि कुमारी ने कहा कि उसे अंक पत्र नहीं मिला है। आईटी सेल के अमन राज को निर्देश देकर तुरंत छात्रा को अंक पत्र दिलवाया गया। छात्र संवाद में डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुबालाल पासवान मौजूद रहे।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 15.10.2024, PAGE-06**

### एससी/एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस व सिंगल गर्ल चाइल्ड को मिलेगा लाभ

# विद्यार्थियों को चार वर्षीय बीएड में मिलेगी छात्रवृत्ति

हि एक्सक्लूसिव

■ मृत्युंजय

- बीएड कॉलेजों को लेनी होगी एनआईआरएफ रैंकिंग
- एनसीटीई ने सभी कॉलेजों को जारी किया निर्देश



मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय अध्यापक प्रशिक्षण परिषद (एनसीटीई) ने इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के तहत चलने वाले चार वर्षीय बीए बीएड, बीएससी बीएड के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव तैयार किया है। एनसीटीई ने यह फैसला अपनी वार्षिक बैठक में कर अधिसूचना जारी की है और चार वर्षीय बीएड कॉलेजों को निर्देश भी भेज दिया है।

अब तक बीएड के छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी। एनसीटीई ने कहा है कि चार वर्षीय बीएड के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। इसका फायदा एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और सिंगल गर्ल चाइल्ड को मिलेगा। एनसीटीई का कहना है कि इस स्कॉलरशिप से बीएड के विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। अब तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल से अन्य कोर्स की इन श्रेणियों के छात्रों को वजीफा मिलता रहा है।

**बिहार में चार कॉलेजों में चार वर्षीय बीएड :** बिहार में चार बीएड कॉलेजों में चार वर्षीय बीएड की पढ़ाई होती है। ये सभी कॉलेज बीआरएबीयू में ही हैं। सभी कॉलेजों में 100 सीटें हैं। यानी पहले साल में चार सौ सीटों पर चार वर्षीय बीएड में दाखिला होता है। सूत्रों ने बताया कि इस स्कॉलरशिप से चारों साल मिलाकर लगभग 600 से 700 विद्यार्थियों को वजीफे का फायदा मिलेगा। एनसीटीई वर्ष 2025 से कॉलेजों में इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के तहत चार साल का बीएड शुरू करने पर विचार कर रहा है।

## नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिएशन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

चार वर्षीय बीएड कोर्स चलाने वाले को एनआईआरएफ रैंकिंग भी करानी होगी। एनसीटीई ने इसका भी निर्देश दिया है। एनसीटीई का कहना है कि बीएड की शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बीएड कॉलेजों की एनआईआरएफ रैंकिंग जरूरी है। एनसीटीई ने फैसला किया है कि बीएड कॉलेजों की एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए वह नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिएशन को प्रस्ताव भेजेगी।

## कोर्स चलाने को कॉलेजों में साइंस लैब भी बनेगी

चार वर्षीय बीएड कोर्स चलाने के लिए कॉलेजों में साइंस लैब भी बनाई जानी है। एनसीटीई ने इसका निर्देश भी सभी विश्वविद्यालयों को दिया है। विश्वविद्यालयों को इस बारे में जांच कर दिसंबर तक रिपोर्ट देने को कहा गया है। चार वर्षीय बीएड में साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स तीनों की पढ़ाई होगी, इसलिए विज्ञान के छात्रों के लिए साइंस लैब खोली जायेगी।

## छठी से आठवीं के शिक्षकों के लिए चलेगा मूक कोर्स

कक्षा छह से आठ तक के विज्ञान शिक्षकों के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स शुरू किया गया है। यह कोर्स एनसीईआरटी ने शुरू किया है। विज्ञान के शिक्षकों की क्षमता विकास के लिए यह कोर्स शुरू किया जा रहा है। इस कोर्स को करने के लिए छह से आठ तक के सभी शिक्षकों को एनसीईआरटी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 15.10.2024, PAGE-04

# नए पाठ्यक्रम से होगी बीबीए की पढ़ाई, सेमेस्टर सिस्टम तैयार

## छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठा के साथ मिलेगी रिसर्च की डिग्री

- तीन वर्ष में प्रतिष्ठा तो चार वर्ष में रिसर्च के साथ बीबीए की डिग्री
- एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थानों में होगा संचालन



**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के अन्य संस्थानों में संचालित होने वाले बीबीए कोर्स का पाठ्यक्रम बदल गया है। सेमेस्टर सिस्टम में संचालित होने वाले बीबीए का नया सिलेबस तैयार किया गया है। इसमें तीन वर्षीय डिग्री आनर्स व चार वर्षीय डिग्री को रिसर्च के साथ आनर्स की डिग्री दी जाएगी। इसके लिए एआइसीटीई की ओर से बीबीए का माडल सिलेबस तैयार किया गया है। बीबीए की पढ़ाई कराने वाले सभी संस्थानों को माडल सिलेबस अपनाने का निर्देश काउंसिल की ओर से दिया गया है।

तीन वर्ष वाले कोर्स के लिए 120 तो चार वर्षीय कोर्स के लिए कुल 160 क्रेडिट तय किए गए हैं। कोर्स का संचालन सेमेस्टर सिस्टम में किया जाएगा। इसमें विभिन्न स्तरों पर छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट से लेकर डिप्लोमा व डिग्री दी जाएगी। कुल मिलाकर कोर्स की रूपरेखा सीबीसीएस यानी च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत ही तैयार की गई है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कालेजों में फिलहाल बीबीए के पुराने पाठ्यक्रम से ही कोर्स का संचालन किया जाता है। ऐसे में उम्मीद है कि नए शैक्षणिक सत्र से एआइसीटीई की ओर से लागू माडल पाठ्यक्रम को अपनाकर पठन-पाठन की शुरुआत होगी। इसी सत्र से बीबीए कोर्स का संचालन के लिए कालेजों को एआइसीटीई से मान्यता प्राप्त करना पड़ा था। इसके लिए कालेजों ने पोर्टल पर आवेदन देकर मान्यता हासिल की थी।

### तीन सप्ताह का होगा इंडक्शन कार्यक्रम

बीबीए के छात्र-छात्राओं के लिए नए पाठ्यक्रम के अनुसार तीन सप्ताह का इंडक्शन कार्यक्रम होगा। इसमें उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां, रचनात्मक आर्ट, प्रशिक्षण, एक्सपर्ट लेक्चर समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नए पाठ्यक्रम को इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र-छात्राओं को जल्द ही रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। पाठ्यक्रम तैयार करते समय इंडस्ट्री के एक्सपर्ट की सहायता भी ली गई है। हर सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए इंडस्ट्रियल विजिट को अनिवार्य भी बनाया गया है। उन्हें सभी सेमेस्टर में स्थानीय या बाहरी इंडस्ट्री में विजिट करना होगा। साथ ही विद्यार्थियों के लिए समर इंटर्नशिप की व्यवस्था होगी। मिड सेमेस्टर टेस्ट में विद्यार्थियों के उपलब्धियों की जांच होगी। इसमें प्रोजेक्ट से लेकर एसाइनमेंट, उपस्थिति, क्विज से लेकर, प्रैक्टिकल समेत अन्य एक्टिविटी पर अंक दिए जाएंगे। नए पाठ्यक्रम को तैयार करने में इसका ख्याल रखा गया है कि कोर्स की पढ़ाई कर निकलने वाले छात्रों को न केवल विषय की बुनियादी व सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी होगा। साथ ही उसमें कौशल विकास भी हो सकेगा।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE : 15.10.2024, PAGE-04

# बीएड की रिक्त सीटों पर इस सप्ताह नामांकन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत सूबे के सभी विश्वविद्यालयों में बीएड की रिक्त सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी की जाएगी। पूरे राज्य में करीब 641 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया होगी। मंगलवार को आखिरी चरण के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में बीएड की रिक्त 641 सीटों के लिए एडमिशन की प्रक्रिया इसी सप्ताह पूरी की जाएगी। राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो.अशोक कुमार मेहता ने बताया कि तीसरे चक्र की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कुल 36659 यानी 98.28 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने नामांकन करा लिया है। बीआरएबीयू के 57 कालेजों में 86 सीटों पर नामांकन होना है।